**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या - 142**

***सोमवार, 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)***

**बिहार को वित्तीय सहायता**

**142. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार दवारा गत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार सरकार को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का योजनावार और वर्षवार ब्यौरा क्या है,

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार और सहायता अनुदान तथा विशेष सहायता के शीर्षों के अंतर्गत बिहार राज्य सरकार को कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान बिहार में प्रत्येक योजना में क्या प्रगति हुई है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (ग): केंद्र सरकार विभिन्न शीर्षो जैसे कर अंतरण, वित्त आयोग अंतरण, केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों (सीएसएस) के लिए सहायता अनुदान, विशेष सहायता (अनुदान) और पूंजीगत व्यय/निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता स्कीम के तहत बिहार राज्य सरकार को निधियां प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, बिहार राज्य में केन्द्रीय क्षेत्र की विभिन्न स्कीमों में प्रयुक्त किए जाने के लिए निधियाँ जारी की गई हैं। पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन शीर्षों के तहत बिहार राज्य सरकार को उपलब्ध कराई गयी/जारी की गयी निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया हैः

**सोमवार, 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक) को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 142 का अनुबंध।**

पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा बिहार राज्य सरकार को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा

(करोड़ रु. में)

| शीर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (28.01.2025 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कर अंतरण | 63406.33 | 59861.41 | 91352.62 | 95509.85 | 113604.49 | 108040.89 |
| वित्त आयोग अंतरण | 7896.79 | 10105.27 | 8116.52 | 6732.65 | 7662.52 | 4477.89 |
| केंद्र प्रायोजित स्कीमों (सीएसएस) के लिए सहायता अनुदान | 18,052.58 | 22,346.15 | 21893.52 | 25174.75 | 22991.69 | 17,898.75 |
| विशेष सहायता (अनुदान) | 0.00 | 195.73 | 250.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| पूंजीगत व्यय/निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता के लिए स्कीम | -- | 843.00 | 1246.50 | 8455.85 | 8814.80 | 11521.87 |

बिहार राज्य में केन्द्रीय क्षेत्र की विभिन्न स्कीमों में प्रयुक्त किए जाने के लिए जारी की गई निधियों का विवरण

(करोड़ रु. में)

| शीर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (28.01.2025 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमें (सीएस) * | 7,485.79 | 11,268.47 | 15289.36 | 18002.26 | 13020.61 | 11,176.47 |

*: पीएफ़एमएस में उपलब्ध आंकड़ो के अनुसार।